महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.(   ) दीक्षान्त / मदसविवि / 2024 दिनांक :

अधिसूचना

विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 15 जून, 2024 को आयोजित किया जा रहा है। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रबन्ध बोर्ड, विद्या परिषद के सदस्यों, संकाय अध्यक्षों एवं पीएच0डी0 उपाधि धारकों (31 मई, 2024 तक) तथा विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा 2022 एवं मुख्य परीक्षा 2023 तक के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दीक्षांत समारोह में निर्धारित पोशाक में दिनांक 14 जून, 2024 को अपराह्न 3.00 बजे पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) में तथा 15 जून, 2024 को मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करें।

सभी दीक्षार्थी तथा पदक धारक 14 जून, 2024 को समय पर अपना बैज तथा टोकन परीक्षा विभाग से प्राप्त कर प्रातः 10.30 बजे तक दीक्षान्त समारोह स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करावें। दिनांक 15 जून, 2024 को कोई बैज तथा टोकन जारी किया जाना संभव नहीं होगा।

नोटः– पीएच.डी. उपाधि व स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं की सूची विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर देखें।

Sd/-
कुलसचिव

क्रमांकः एफ.(   ) दीक्षान्त / मदसविवि / 2024 / 60-73 दिनांक : 17-5-24

1. वैब एडमिनिस्ट्रेटर, मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि अधिसूचना की प्रति वैबसाईट पर दीक्षान्त लिंक में अपलोड करने का श्रम करावें।
2. उप कुलसचिव (सा.प्र.) मदस विश्वविद्यालय, अजमेर को विज्ञप्ति की 10 प्रतियॉ संलग्न कर निवेदन है कि विज्ञप्ति का प्रकाशन प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों (दैनिक नव ज्योति, राजस्थान पत्रिका व राष्ट्रदूत) समस्त संस्करणों में कराना सुनिश्चित करावें।
3. निजी सचिव, कुलपति, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
4. ए0सी0पी0, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
5. निजी सहायक, कुलसचिव, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।

Sd/- 15/05/24
उपकुलसचिव–दीक्षांत